आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
31.10.2024 01:00 पी.एम.

प्रकाश पर्व दीपावली आज परम्परागत उल्लास के साथ मनाई जा रही है। दिन चढने के साथ ही लोगों का उत्साह भी चरम पर पहुंचने लगा है। दिवाली की खरीदारी को लेकर लोग व्यस्त दिखाई दे रहे है। फूल मालाओं, लक्ष्मी पूजन का सामान और मिठाईयों तथा बरतनों की दुकानों के साथ ही आतिशबाजी की दुकानों पर भी सुबह से ही भीड दिखाई दे रही है। पांच दिवसीय दीपोत्सव की श्रृंखला में शाम को शुभ मुहुर्त में धन और सौभाग्य की देवी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जायेगी। इस बार अमावस्या तिथि दो दिन बनी रहने के चलते कई लोग कल भी दीपावली मनायेंगे। इस बीच जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर की गई सामूहिक सजावट को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग उमड रहे है। राजधानी के अंदरूनी इलाकों के साथ ही बाहरी कॉलोनियों, शॉपिंग मॉल्स और होटलों में की गई आकर्षक सजावट देखते ही बन रही है। दीपावली पर पटाखे चलाने को लेकर भी बच्चों के साथ बडो में भी विशेष उत्साह बना हुआ है। लोगों में कम धुएं के और ग्रीन पटाखों का प्रचलन बढा है। इधर प्रदेश के विभिन्न भागों में भी दीपावली के हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के समाचार मिल रहे है। मंदिरों में दिवाली पर भगवान को पोशाक धारण करा विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। उधर सरहद पर तैनात जवानों का मुह मीठा कराने और दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए कई संगठनों की ओर से कार्यक्रम रखे गये है। सीमा सुरक्षा बल की ओर से सीमा प्रहरियों और उनके परिवारों के लिए दिवाली मेले का आयोजन किया गया है। दीपोत्सव का आनंद लेने के लिए बडी संख्या में देशी विदेशी सैलानी भी राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे है। दीपावली पर आग से जलने और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश के अस्पतालों को भी अलर्ट पर रखा गया है। जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर्स की 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोगो को दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी है।

00000

अपनो के बीच दीपावली मनाने को लेकर लोगों में व्यस्तता बनी हुई है। त्यौहारों पर रेलवे स्टेशनों और बस स्टेण्डों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। रेलवे के साथ ही रोडवेज ने भी यात्रियों को मंजिल तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है। रोडवेज प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए मोबाइल टिकट की व्यवस्था भी की गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से विभिन्न मार्गों पर ट्रेनों की संख्या को बढ़ाया गया है। इस बीच रेलवे ने लोगों से त्यौहारों के समय में यात्रा के दौरान अतिरिक्त सतर्कता और सावधानी बरतने को कहा है। रेलवे पुलिस बल के महानिदेशक ने इस संबंध में एडवाइजरी जारी कर संदिग्ध स्थितियों और लोगों की जानकारी आरपीएफ को देने का आग्रह किया है।

00000

राष्ट्र आज लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धा के साथ याद कर रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एकता की भावना पर जोर देते हुए देशवासियों को राष्ट्रीय एकता को तोड़ने की कोशिश करने वाली विभाजनकारी ताकतों से सावधान रहने को कहा। गुजरात के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 25 वर्षों में विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय एकता बहुत महत्वपूर्ण है। देश को एक करने के लिए सरदार पटेल

के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती अगले दो वर्षों तक देशभर में मनाई जाएगी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने एकता नगर में स्टेच्यु ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पाजंलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने लोगों को एकता दिवस की शपथ दिलवाई और एकता दिवस परेड़ का निरीक्षण किया।

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर नई दिल्ली के पटेल चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरदार पटेल एक महान देशभक्त और अग्रणी राष्ट्र निर्माता थे। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सरदार पटेल का एक मजबूत और एकजुट भारत का सपना लोगों को सद्‌भाव, विशिष्टता और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है।

00000